भारत सरकार
कारपोरेट कार्य मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 178
(जिसका उत्तर सोमवार, 14 सितंबर, 2020/23 भाद्रपद, 1942 (शक) को दिया गया)

कारपोरेट सामाजिक दायित्व नीति में संशोधन

178. श्री एम॰वी॰वी॰ सत्यनारायणः
श्री लावू श्रीकृष्णा देवरायालूः
श्री पी॰वी॰ मिधुन रेड्डीः
श्रीमती किरण खेरः
श्री विनायक भाऊराव राऊतः
श्री बालाशौरी बल्लभनेनीः
श्री कुरुवा गोरांतला माधवः
डॉ॰ बीसेट्टी वेंकट सत्यवतीः
श्री अदला प्रभाकर रेड्डीः

क्या **कारपोरेट कार्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने तीन वित्तीय वर्षों, 2020-21 से 2022-23 के लिए कोविड-19 से संबंधित व्यापार और अनुसंधान और विकास गतिविधि के सामान्य दौर में किए गए नए वैक्सीन, औषधियों और चिकित्सा उपकरणों के अनुसंधान और विकास को शामिल करने के लिए कारपोरेट सामाजिक दायित्व नीति के कवरेज में संशोधन किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या इस तरह की अनुसंधान गतिविधि को करने के लिए केन्द्र या राज्य सरकार या निर्दिष्ट सार्वजनिक संस्थानों के सहयोग से किया जाना अनिवार्य है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या मंत्रालय को चालू वित्त वर्ष के दौरान कारपोरेट सामाजिक दायित्व अनुपालन के संबंध में आंकड़े प्राप्त हुए हैं;
(घ) यदि हां, तो महामारी से निपटने के लिए कारपोरेट सामाजिक दायित्व निधियों के अंतर्गत कुल व्यय की गई राशि का ब्यौरा क्या है; और
(ङ) कोविड-19 टीकों और दवाओं के लिए अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देने के लिए मंत्रालय द्वारा अन्य क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

वित्त और कारपोरेट कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अनुराग सिंह ठाकुर)

(क), (ख) और (ङ): जी, हां। कंपनी (सीएसआर नीति) नियम, 2014 के नियम 2(1)(ङ) के परंतुक के अनुसार, इस अधिनियम की अनुसूची-VII की मद (ix) में उल्लिखित किन्हीं संस्थानों अथवा संगठनों के सहयोग से ऐसे अनुसंधान और विकास कार्यकलाप निष्पादित किए जाएंगे।

(ग) और (घ): कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुसार, कंपनी को वित्तीय वर्ष की समाप्ति से छह माह के भीतर वार्षिक आम बैठक (एजीएम) आयोजित करना अनिवार्य है। इसके पश्चात्, सीएसआर के बारे में प्रकटीकरण को समाविष्ट करते हुए वित्तीय विवरणियां और बोर्ड की रिपोर्ट एजीएम के आयोजन के 30 दिनों के भीतर कारपोरेट कार्य मंत्रालय में फाइल की जानी है। इस प्रकार, चालू वित्तीय वर्ष के लिए ऐसा कोई डाटा उपलब्ध नहीं है।

******